# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–09 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल प्रयागराज के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगी। वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। एक रिपोर्ट–

**देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल सुबह संगम नोज पहुंचकर पावन संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी। राष्ट्रपति के द्वारा प्रयागराज में अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन पूजन भी किया जाएगा। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद कर दी गई है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

इस दौरान राष्ट्रपति डिजिटल महाकुम्भ अनुभव केंद्र का अवलोकन भी करेंगी, जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। राष्ट्रपति शाम पौने छह बजे प्रयागराज से वापस नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

**********

महाकुम्भ प्रयागराज स्थित पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। इस क्रम में सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने आज प्रयागराज स्थित पावन संगम में स्नान किया। पत्रकारों से बातचीत में श्री तमांग ने कहा कि महाकुंभ में आकर खुशी हो रही है।

**महाकुंभ में आकर मैं ब्लेस्ड फिल कर रहा हूँ और मैं इसके लिए सबसे पहले तो हमारे देश का माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को मैं बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहता हूँ। और यहां का मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री जी को योगी आदित्यनाथ जी को क्योंकि ये आयोजन और उनका निमंत्रण आने के कारण हमलोग यहां आ पाये और सिक्किम की तरफ से पूरा सारे सिक्किम की जनता की तरफ से मैं बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी आज प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि 144 वर्षों के बाद महाकुम्भ का पावन संयोग बना है। इस अवसर पर उत्तराखंड के विकास के साथ साथ विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए प्रार्थना भी की जाएगी। प्रयागराज महाकुम्भ में आज दोपहर 02 बजे तक 1 करोड़ नौ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया है।

**********

महाकुंभ मेला क्षेत्र में जल जीवन मिशन का मंडप, लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इस मंडप में प्रदेश के बुंदेलखंड में हुये क्रांतिकारी बदलाव को दर्शाया गया है, जो कभी पानी की कमी के कारण सुर्खियो में बना रहता था। बुंदेलखंड में अब जल जीवन मिशन के कारण सभी घर में नल के द्वारा पानी पहुंच चुका है। केंद्र सरकार ने प्रत्येक ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने के लिए दो हजार उन्नीस में जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी। एक रिपोर्ट....

**जल जीवन मिशन पर बनी प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्राम पंचायत विकास और गांव में सौर ऊर्जा जैसी कई पहलों को दिखाया गया है। इसके अलावा एक डिजीटल कॉर्नर बनाया गया है जहां, उत्तर प्रदेश के ग्रामीण, अपने–अपने गांवों में पानी, नल कनेक्शन और जल आपूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज**

**********

महाकुम्भ के तहत शिवरात्रि स्नान को लेकर अखाड़ों के वाराणसी पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस क्रम में आज चाँदपुर में जूना अखाड़े के पंच का धूमधाम से स्वागत किया गया। जिसके बाद सभी पंच कमच्छा स्थित अखाड़े के लिए रवाना हो गए। जूना अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी महाराज ने बताया – आज हमारे पंच अपने–अपने अखाड़ों में चले जाएंगे। बाकी संतगण पूर्णिमा स्नान के बाद काशी के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि को हम सभी गंगा स्नान करेंगे। उसके बाद नागा साधु दिगंबर भगवान शिव की बारात में शामिल होंगे।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज गोरखपुर का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान श्री वैष्णव ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाए जाने के प्रस्तावित मॉडल का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बात करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे स्टेशन की डिजाइन को हमने देखा है काम बहुत अच्छा चल रहा है। स्टेशन के डिजाइन को गोरखपुर की संस्कृति एवं विरासत को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि रेलवे और एयरपोर्ट का जो टर्मिनल बन रहा है, उसको जोड़कर प्लानिंग करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

**********

सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र स्थित अंबिकापुर वाराणसी मार्ग पर आज सुबह बोलेरो और ट्रेलर की टक्कर में चार लोगों की मौत गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। ये सभी छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं जो महाकुंभ में स्नान के बाद वापस लौट रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोनभद्र जिले में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

**********